UN Information Centre
New Delhi

From Wonder, Wisdom
Heartfulness Education Trust

<u>हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम 2019</u>

आयोजक

<u>श्री रामचंद्र मिशन</u>

सहयोगी

<u>संयुक्त राष्ट्र जन सूचना केंद्र भारत व भूटान</u>

<u>एवं</u>

<u>हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट</u>

श्री रामचंद्र मिशन एक लाभ निरपेक्ष शैक्षिक एवं आध्यात्मिक संस्था है| सार्वभौमिक शांति एवं सामंजस्यता के लिए यह संस्था ध्यान के माध्यम से हृदय पर आधारित जीवन को प्रोत्साहित करती है। यह उन 1600 गैर सरकारी संगठनों में से एक है, जो कि संयुक्त राष्ट्र के जनसूचना विभाग(UNDPI) से सम्बंधित हैं| पिछले 14 वर्षों से अखिल भारतीय निबंध लेखन कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र जनसूचना केंद्र (भारत एवं भूटान) और श्री रामचंद्र मिशन के बीच भागीदारी का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है| यह वर्ष इस भागेदारी का पन्द्रहवाँ वर्ष है|

एक सहकार्य के तहत श्री रामचंद्र मिशन और हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट ने युवाओं के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों को विकसित किया है जिनका उद्देश्य उनमें सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों की समझ एवं उनका स्वीकरण लाना है| शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए भी एक कार्यक्रम शुरू किया गया है ताकि वे अपनी संस्थाओं को 'हार्टफुलनेस वे एजुकेशन' प्रदान कर सकें| श्री रामचंद्र मिशन, स्कूलों में, निबंध लेखन कार्यक्रम के अतिरिक्त इन कार्यक्रमों की भी पेशकश करता है| इसका विवरण www.heartfulness.org/education पर उपलब्ध है|

युवाओं के लिए आमंत्रण

युवावस्था संभावनाओं का समय होता है| यह जीवन की वह अवस्था है, जो कि अवसरों से भरी है जिनका अहसास किया जाना बाकी है, बशर्ते हम इसके लिए तैयार हों| जहाँ शिक्षा हमें अपनी भौतिक एवं बौद्धिक क्षमताओं को उत्कृष्टतम सीमा तक विकसित करने में मदद करती है, वहाँ हमारे विकास का एक ऐसा पहलू भी है जिसे प्रायः उतना महत्व नहीं दिया जाता जितना देना चाहिए - हमारे आतंरिक अस्तित्व का विकास| शरीर, मन व हृदय के लिए समकालिक विकास के बिना इंसान के रूप में हमारा विकास अधूरा है|

इसलिए युवाओं को उत्कृष्टता के साथ-साथ संतुलन प्राप्त करने का भी प्रयास करना चाहिए - मन व हृदय के बीच, बाह्य व आंतरिक दोनों के बीच तथा सोच व भावनाओं के बीच| इस हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम के माध्यम से हम आप सभी को अपने आतंरिक क्षेत्र में उतरने के लिए और हृदय की उस हल्की सी आवाज़ के साथ सामंजस्यता स्थापित करने के लिए आमंत्रित करते हैं, जो कभी भी हमें मार्गदर्शन देने में नहीं चूकती| इस प्रकार हम प्रारंभिक जीवन काल से ही आपको हृदय से मार्गदर्शन लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं|

विषय:

श्रेणी 1 [कक्षा 9 से 12] : 500 शब्द
बदलने की क्षमता ही बुद्धिमत्ता का माप है| (अल्बर्ट आइंस्टीन)
श्रेणी 2 [स्नातक व परास्नातक] : 750 शब्द
प्रेम विस्तार है और स्वार्थ संकुचन (स्वामी विवेकानंद)

अनुमत भाषाएँ:
राष्ट्रीय स्तर : **अंग्रेज़ी, हिंदी**
क्षेत्रीय स्तर : राज्य के अनुसार उपयुक्तता की सूची के अनुसार गुजराती, बंगाली कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलुगु में से **कोई एक|**

नियम एवं दिशा-निर्देश

क) संस्था को अपनी सहभागिता को रजिस्टर करना आवश्यक है|

ख) निबंध लिखने के माध्यम के रूप में, एक राज्य में प्रतिभागियों को 11 स्वीकृत भाषाओं में से 2 या 3 भाषाएँ दी जाएँगी जो उस राज्य में स्थानीय रूप से उपयुक्त होंगी| भाग लेने वाली संस्था को पेश की जाने वाली भाषाओं के विकल्प को जानने के लिए छात्र को अपनी संस्था के निबंध लेखन संयोजक से संपर्क करना होगा| राज्य के अनुसार सूची संलग्न है|

ग) संस्था को अपनी सहभागिता को दिए गए इस लिंक पर रजिस्टर करना आवश्यक है : www.heartfulness.org/essay-event. अधिकार प्रक्रिया पूरी होने पर टीम द्वारा पुष्टि करने के लिए एक मेल भेजी जाएगी| छात्रों द्वारा निबंध लिखे जाने के बाद प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन के लिए प्रतिभागियों का विवरण अपलोड किया जाना ज़रूरी है|

घ) प्रतिभागी संस्था से **सभी निबंधों के साथ-साथ प्रतिभागियों की पूरी सूची** को संस्था के नियुक्त अधिकारी तक **19 सितम्बर 2019** तक दे दिया जाना चाहिए|

ङ) प्रत्येक भाषा में **सर्वश्रेष्ठ पाँच** निबंध चुने व अंकित किये जाने हैं| प्रतिभागी सूचना पत्र को प्रतिभागी द्वारा उचित रूप से हस्ताक्षर करके निबंध के साथ जोड़ कर दिया जाना ज़रूरी है|

च) सभी निबंध **A4 साइज वाले कागज़** पर नीली या काली स्याही वाले कलम द्वारा हस्तलिखित होने चाहिए या काले रंग में हिंदी भाषा के लिए कृतिदेव लिपि में टाइप किये हुए होने चाहिए और फॉण्ट साइज 12 होना चाहिए | **"प्रतिभागी सूचना स्लिप", निबंध के साथ अच्छे से जुड़ी होनी चाहिए|** प्रतिभागी अंतिम पृष्ठ पर शब्दों की संख्या लिखें और प्रत्येक पृष्ठ पर नीचे, अपने हस्ताक्षर करें| प्रस्तुत निबंधों में संस्था के स्तर पर दिए गए अंक नहीं लिखे होने चाहिए|

छ) छात्रों को विषयों को पढ़ने व उस पर रिसर्च करने की अनुमति व प्रोत्साहन दिया जाता है| तब भी प्रस्तुत निबंध छात्र का अपना **मौलिक कार्य** होना चाहिए, और उसमें किसी भी लिए गए सन्दर्भ या उद्धरण की सूचना होनी चाहिए| किताबों या इंटरनेट से किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी मान्य नहीं है|

ज) भाग लेने के लिए दो श्रेणियाँ हैं और छात्रों को **सिर्फ़ अपनी ही श्रेणी के लिए दिए गए विषय पर निबंध** लिखना है|

झ) **श्रेणी 1 की शब्द सीमा 500** और **श्रेणी 2 की शब्द सीमा 750** है और इसका पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए| कृपया किसी प्रकार का चित्रण न करें|

इस कार्यक्रम के उद्देश्य को पूरा करने के लिए, प्रतिभागी को उस विषय के बारे में **अपनी व्यक्तिगत समझ दर्शानी चाहिए जो कुछ-कुछ अपने अनुभवों के आधार पर हों|** पूरी तरह से किताबों या इंटरनेट से ली गयी सामग्री इच्छित नहीं है|

सभी प्रतिभागियों को अपने निबंध अपने स्कूल/कॉलेज के संयोजक को दें| संस्था के अधिकारी हमारे स्थानीय प्रतिनिधि को वह निबंध दें या भेजें|

स्थानीय प्रतिनिधि का नाम :____
स्थानीय प्रतिनिधि का फ़ोन नंबर :_______________________________________
डाक के लिए स्थानीय पता :____

किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण या मदद के लिए कृपया यहाँ लिखें : essayevent@heartfulness.org

प्रत्येक श्रेणी में पुरस्कार :
राष्ट्रीय स्तर: अंग्रेजी और हिंदी में लिखे सर्वश्रेष्ठ 10 निबंध|
राज्य स्तर: हिंदी और अंग्रेजी के अतिरिक्त प्रादेशिक भाषा (यदि लागू हो) में लिखे निबंधों में सर्वश्रेष्ठ 10 निबंध|
योग्यता प्रमाण-पत्र : राज्य स्तर के लिए चुने निबंधों को योग्यता का इ-सर्टिफिकेट दिया जायेगा|

सहभागिता प्रमाण-पत्र : संस्था द्वारा दी गयी प्रतिभागियों की सूची में सभी प्रमाणित प्रतिभागियों को इ-सर्टिफिकेट दिया जायेगा|

प्रायोजित संस्थागत पुरुस्कार :
हीरक पुरुस्कार : राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम विजेता की संस्था को **- ₹ 75000 (4)**
प्लैटिनम पृरुस्कार : राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय विजेता की संस्था को **- ₹ 50000 (4)**
स्वर्ण पृरुस्कार : राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय विजेता की संस्था को **- ₹ 25000 (4)**
ब्राइटर माइंड्स प्रशंसनीय उपक्रम पुरुस्कार : अधिकतम भागीदारी वाली 5 संस्थाओं में से प्रत्येक को **₹10,000**

संस्थागत सराहना प्रमाण पत्र :
स्वर्ण संस्था प्रमाण पत्र : संस्था से 90 % से ज़्यादा छात्रों की सहभागिता
रजत संस्था प्रमाण पत्र : संस्था से 80 - 90 % छात्रों की सहभागिता
काँस्य संस्था प्रमाण पत्र : संस्था से 60 - 79 % छात्रों की सहभागिता

प्रमाणित मूल्यांकनकर्ता प्रमाणपत्र : **उन शिक्षकों को जो इस कार्यक्रम के लिए प्रमाणित मूल्यांकनकर्ता बनने के इच्छुक हैं|(यदि आपको इसमें रुचि हो तो कृपया हमारे कोऑर्डिनेटर से संपर्क करें)**

हो सकता है कि अंतिम पुरस्कार के लिए टेलीफोनिक इंटरव्यू लिया जाये|
दिए जाने वाले प्रमाण पत्रों पर UNIC के निदेशक और श्री रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष के हस्ताक्षर होंगे|

दोनों श्रेणियों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरुस्कार के विजेताओं को एक अभिभावक और संस्था के एक शिक्षक अथवा प्रधानाचार्य सहित, जनवरी 2020 में कान्हा शांतिवनम, हैदराबाद में हार्टफुलनेस वैश्विक केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर प्रदत्त भ्रमण के लिए आमंत्रित किया जायेगा| छात्र विजेताओं एवं संस्था विजेताओं को उद्घाटन समारोह में 35000 लोगों से ज़्यादा के जनसमूह के समक्ष पुरुस्कृत किया जायेगा|

मुख्य तिथियाँ:
प्रतिभागियों द्वारा संस्था के अधिकारीयों को निबंध देने की अंतिम तिथि **: 19 सितम्बर 2019**
संस्था द्वारा श्री रामचंद्र मिशन के कोऑर्डिनेटर को चुने हुए 5 निबंधों के साथ सभी निबंध देने की अंतिम तिथि **: 30 सितम्बर 2019**

परिणाम की घोषणा: **दिसंबर 2019**